



# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बजरंग दल ने किया पुतला दहन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 25 दिसम्बर।** बांग्लादेश में निवासरत हिन्दू भाइयों पर हो रहे अत्याचार एवं नरसंहार के खिलाफ विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल संपूर्ण भारत देश में पुतला दहन एवं प्रदर्शन कर रहा है। बुधवार को परेड चौराहे भिण्ड में बांग्लादेश मुर्दाबाद एवं भारत माता की जय और जय जय श्रीराम के नारों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेशी सरकार को चेतावनी दी कि हमारे निर्दोष हिन्दू भाईयों पर अत्याचार करना बंद करें, सकल हिन्दू समाज एवं संगठन ऐसे अत्याचारों से आहत हैं, हम भारत सरकार से भी निवेदन करते हैं कि बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दू भाइओं पर हो रहे है अत्याचार पर संज्ञान ले और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। अगर बांग्लादेशी सरकार नहीं जगी तो सकल हिन्दू समाज विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के बैनर तले सारे देश में उग्र आंदोलन कर भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को निकालने का काम करेंगे एवं बांग्लादेश की सीमा पर जाकर बांग्लादेश को दी जा रही सभी सुविधाओं को बंद कराने का काम बजरंग दल करेगा।

जिला संयोजक कुलदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में बजरंग दल एवं समस्त हिन्दू समाज गीतांजलि गार्डन बद्रीप्रसाद की बगिया पर एकत्रित होकर समूह के रूप में प्रदर्शन करते हुए परेड चौराहे पर पहुंचे और प्रदर्शन कर बांग्लादेश का पुतला दहन किया। इस अवसर पर विभाग सह मंत्री मनोज सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष राकेश शिवहरे, जिला मंत्री भगवान सिंह, सह मंत्री बादशाह सिंह गुर्जर, जयसिंह ओझा, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, दीक्षा भदौरिया, दुष्यंत सिंह भदौरिया, राजकुमार चतुर्वेदी, मोनू बघेल, सोनू सिंह, कल्लू सिंह एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।



# बाल संरक्षण समिति का गठन व जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 25 दिसम्बर।** विकास खंड अटेर के ग्राम पंचायत चोमो, तरसोकर नावली वृंदावन ,प्रतापपुरा मैं धरती संस्था भिंड ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत इन सभी ग्रामों में बाल विवाह के खातमे व कुप्रथा मिटाने के लिए ग्राम पंचायत लेवल पर बाल संरक्षण समिति का गठन कर स्कूलों में जन जागरूकता मीटिंग व कार्यक्रम आयोजित की ग्राम पंचायत चोमहो की सरपंच सुनीता भदोरिया कहा कि हम अपने गांव में बाल बाल विवाह का विरोध करेंगे समझाइए ना मानने पर ग्राम पंचायत कानूनी कार्रवाई करने के लिए पूरा सहयोग करेगी।

ग्राम पंचायत तरसोकर के सरपंच श्री सुखराम बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाएंगे ग्राम में अपने पंचायत के सभी व्यक्तियों को समझाएंगे बाल विवाह होने वाली शादियों को रोकेंगे अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का पूरा प्रयास करेंगे अटेर विकासखंड के 50 ग्रामों में भारती संस्था बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल तस्करी बाल श्रम बाल मजदूरी आदि विषयों को लेकर निरंतर एक वर्ष से कम कर रही है ग्राम के सभी सेवा प्रदाताओं के साथ मीटिंग बाल संरक्षण समिति का गठन कर गांव के स्कूल में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित संस्था द्वारा किऐ जा रहे हैं धरती संस्था के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रामवीर सिंह ग्रामीण जनों को बताया कि 18 साल से पहले बालिका की शादी 21 साल से पहले बालक की शादी करने वाले माता-पिता ऐसी शादी में सेवा देने वाले पंडित जी नाई ,घोड़ा डीजे हलवाई आदि सभी के खिलाफ बाल विवाह अधिनियम 2006 एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी बाल विवाह की सूचना 1098 112 नंबर पर देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनी रखा जाएगा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विनोद सिंह आम जनों से आग्रह किया कि इस अभियान में समाज समुदाय शासन प्रशासन का सहयोग अति आवश्यक है निरंतर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम रैली चौपाल बैठक मीटिंग आयोजित की जा रही है जिससे हमारा देश 2030 तक बाल विवाह मुक्त बने।



## श्रीराम कथा सुनने से मन को शांति मिलती है : पं भारद्वाज

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 25 दिसम्बर।** मंदाकिनी धाम मछंन्ड रोड मिहोना में चल रही है पांच दिवसीय श्रीराम कथा जिसमें उत्तर प्रदेश औरैया जिला से आए राम कथा वाचक पं श्री गौरव भारद्वाज शास्त्री एवं श्री चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से रोशनी शास्त्री दोनों महान श्री राम कथा वाचक द्वारा बहुत ही सुंदर राम कथा का बखान किया जा रहा है जिसमें कथा का रसपान करने हजारों की संख्याओं में भक्त पहुंच रहे हैं एवं कथा समापन होने के बाद प्रतिदिन संत भंडारा संतों महात्माओं के साथ भक्तों को भी प्रसादी ग्रहण कराई जा रही है।

# पाल-बघेल समाज के मेले का स्थान बदलने से आहत हुए लोग : बघेल

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 25 दिसम्बर।** ग्रामीण कांग्रेस भिंड जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि पाल-बघेल समाज के कारिंदा नंदनाम सागर का

**लोकगीत कन्हैया कार्यक्रम को शासकीय कार्यक्रम घोषित करने की करेंगे मांग**






लोक गायन मंच ग्वालियर पशु मेला के पास मेला ग्राउण्ड में स्थापित किया जाता रहा है। जिसमें देश के कई प्रांतो से लोक गीत कन्हैया कार्यक्रम में लोक गायक एवं स्रोता गण लाखों की संख्या में सहभागिता करने आते हैं। यह लोक गायन कार्यक्रम प्रतिबर्ष नियत तिथि 25 दिसंबर को ग्वालियर मेला ग्राउण्ड में निश्चित स्थान पर आयोजित किया जाता रहा है। इस बार भी प्रतिवर्ष की भांति 122 वाँ लोकगीत कन्हैया कार्यक्रम 25 दिसम्बर 2025 को नंदराम सागर ? की चौथी पीढ़ी द्वारा आयोजित गया। जिसे ग्वालियर मेला प्रशासन द्वारा ग्वालियर मेला ? ग्राउंड से हटाकर फूलबाग में आयोजित करने की अनुमति प्रदान की,क्योंकि 25 दिसम्बर को मेला ग्राउण्ड में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आमसभा का कार्यक्रम हुआ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि हमें एवं हमारे पाल-बघेल समाज को केन्द्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम से कोई आपत्ति नहीं थी । ग्वालियर मेला ग्राउण्ड काफी बड़े क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री का भी कार्यक्रम आसानी से हो सकता था,और हमारे समाज का परम्परागत कार्यक्रम भी मेला ग्राउण्ड में एक तरफ आसानी से हो सकता था। केन्द्रीय गृहमंत्री का कार्यक्रम होने के कारण फूलबाग मैदान के लिए रास्ते डायवर्ट कर दिये गए। इस कारण कन्हैया लोकगीत कार्यक्रम सम्भावना के अनुसार नहीं हो पाया। जिससे पाल,बघेल,गड़रिया समाज की भावनाओं को गहरा आहत पहुंचा।

उन्होंने कहा कि लोक गीत कन्हैया कार्यक्रम को शासकीय रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम घोषित कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांस्कृतिक मंत्री को पत्र लिखकर मांग करेंगे।

# शिक्षा हमें अंधकार और अज्ञानता से बचाती है : सोनी

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 25 दिसम्बर।** शिक्षा ज़रूरी है क्योंकि यह ज्ञान, कौशल और महत्वपूर्ण सोच विकसित करती है, जो व्यक्तिगत विकास,

**शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में छात्रों को बांटे गए ट्रैकसूट, छात्रों ने मनाया अधीक्षक का जन्मदिन**



बेहतर करियर, आर्थिक स्थिरता और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए आवश्यक है, यह अंधविश्वास और अज्ञानता से बचाती है और व्यक्ति को आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाती है. यह हमें दुनिया को समझने और समस्याओं का समाधान खोजने में मदद करती है।

यह बात मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने शासकीय सीनियर वाला का छात्रावास में छात्रों को ट्रैकसूट वितरण व अधीक्षक के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही उन्होंने छात्रों को शिक्षा से संबंधित कई जानकारियां दी। यहा बता दे कि शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में गुरुवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रावास अधीक्षक बृजेश कुमार मौर्य और मुख्य अतिथि थाना प्रभारी के साथ सभी छात्रों को ट्रैक सूट वितरण किए इस अवसर पर छात्रों ने अधीक्षक श्री मौर्य का जन्मदिन केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया और मालाएं पहनाकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर थाना प्रभारी और पत्रकार बंधुओ ने भी अधीक्षक को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण जारी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 25 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा पशुपालन एवं डयरी विभाग म.प्र. को दुग्ध उत्पादन में दोगुनी वृद्धि करने का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण दिनांक 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन भिण्ड के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भिण्ड जिले में भी दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में 5 से 9 पशु



रखने वाले पशुपालकों से विभाग का मैदानी अमला गृह भेंट करके पशु नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पशुपोषण के संबंध में जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन्नत पशुपालन के जरिए पशुपालकों की दुग्ध से होने वाली आय में वृद्धि करना है।

उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला भिण्ड द्वारा बताया गया है कि जिले में भी यह अभियान 17 दिसम्बर 2025 से 03 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। जिले में अभी तक मैदानी अमले के द्वारा 5208 पशुपालकों के यहाँ गृह भेंट दी जा चुकी है। कार्यक्रम की निरंतर मॉनीटरिंग एवं निरीक्षण कार्य भी जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक किया जा रहा है। इसके लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन भी किया गया है तथा खंड स्तर पर प्रत्येक विकासखण्ड में 06 मास्टर ट्रेनर तैनात किये गये हैं। अभियान में पशुपालकों से प्राप्त जानकारी को एप के माध्यम से एकत्रित एवं संकलित किया जा रहा है। द्वितीय चरण के बाद इस अभियान का तृतीय चरण भी संचालित होगा। निश्चित रूप से इस अभियान के सकारात्मक परिणाम आयेंगे जो कि आर्थिक आमदनी के साथ प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि में सहायक सिद्ध होंगे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन व कर्मवीर सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 25 दिसम्बर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष व आखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रकोष्ठ की कौषा अध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर को कर्मबीर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया,

मप्र के गुना में सेठ श्री प्रेमनारायण राठौर दादा (भजन) के पिता सेठ श्री रामलाल राठौर की 43वीं पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं अखिल भारतीय राठौर महिला सम्मेलन में मेहगांव से भाजपा जिला उपाध्यक्ष भिंड एवं अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय



महासभा महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री मती सुधा राठौर को गुना में सम्मान किया।

राठौर समाज के सम्मेलन में सम्मान समारोह श्री राम मैरिज गार्डन पुरानी छावनी गुना में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड सहित दर्जनों महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वहीं निशुल्क विवाह सम्मेलन में चार जोड़े हमसफर बने। जिन्हें समाज के लोगों ने उपहार देकर आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में संयोजक पवन राठौर गुना, बीरेंद्र राठौर ग्वालियर, महिला संयोजक बीना राठौर भोपाल, ललिता राठौर इंदौर, अनीता राठौर ग्वालियर ।

कार्यक्रम में उपस्थित मेहगांव नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कंचन पिंटू राठौर, नगर पालिका परिषद पूर्व अध्यक्ष पुष्पा रामनिवास राठौर पोरसा,वेवी राठौर भिंड, विनीता राठौर मुरैना,हर्ष राठौर सीहोर, सावित्री राठौर खंडवा, सुमन राठौर पेटलावद, संगीता राठौर कवित्री उज्जैन,रेखा राठौर बड़नगर, लक्ष्मी राठौर विदिशा, शोभा राठौर ग्वालियर, दुलारी राठौर ग्वालियर घासमंडी, शोभा राठौर हुजरातपुर ग्वालियर, कृष्णा राठौर दीनदयाल नगर ग्वालियर। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन में समाज सेवा क्षेत्र व राजनीति के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया।

# पंचकल्याण महोत्सव के लिए जैन समाज की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मौ, 25 दिसम्बर।** नगर में अगले वर्ष आयोजित होने वाले आदिनाथ जिनबिम पंचकल्याण एवं गजरथ महा महोत्सव की तैयारी को लेकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मौ में बैठक आहूत की गई। बैठक में इस महामहोत्सव को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयारी जिसमे बिजली व्यवस्था, साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम को भव्य और यादगार बनाने के लिए अन्य आवश्यक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मौ नगर में लगभग 40 वर्षों बाद पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गजरथ का आयोजन होने जा रहा है ।

यह आयोजन सेवड़ा रोड स्थित चौधरी कमल सिंह महाविद्यालय मौ परिसर में 15 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन पंडित अभिनंदन शास्त्री के सानिध्य में किया जाएगा। महोत्सव के दौरान महाविद्यालय परिसर को अयोध्या की तरह सजाया जाएगा ।प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ विभिन्न संस्कृत कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। जिसमें नगर का वातावरण धर्ममय और उत्साहपूर्वक बनेगा। पंचकल्याण महोत्सव की रूपरेखा बड़े ही विस्तार से तैयार की जा रही है। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष एवं जैन समाज के समस्त जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित हुए।

# कर्मचारी अंशिका दुबे ने प्रदेश में कम्पनी का बढ़ाया मान



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 25 दिसम्बर।** उद्योग क्षेत्र में संचालित डेफ्ट केमिकल कंपनी की कर्मचारी अंशिका दुबे को मध्य प्रदेश श्रम कल्याण मंडल द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार श्रमिक साहित्य से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार अंशिका दुबे को कहानी लेखन के लिए दिया गया। पूरे मध्य प्रदेश में यह पुरस्कार मात्र 10 कर्मचारियों को ही दिया गया और इस पुरस्कार के अंतर्गत ?10 हजार नगद राशि एवं प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस तरह डेप्ट कंपनी की कर्मचारी अंशिका दुबे के पुरस्कृत होने पर कंपनी एवं उनका नाम गौरांवित हुआ है। जिसको लेकर डेप्ट कंपनी संचालक एवं समस्त स्टाफ द्वारा अंशिका दुबे को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# वाजपेयी की दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक पटल पर मजबूत किया : शुक्ला

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 25 दिसम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल

**मंत्री राकेश शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के जन्मदिन पर उन्हें नमन किया**



बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर अपने मेहगांव कार्यालय में उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हृदय से नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि अटल जी न केवल कुशल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि एक ओजस्वी वक्ता, कवि हृदय और सरल व्यक्तित्व के धनी महान पुरुष थे। उनकी कविताएं आज भी देशवासियों के हृदय में बसती हैं और उनकी वाणी में राष्ट्रभक्ति की ध्वनि गूंजती है।

मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि अटल जी की स्मृति में उनका जन्मदिन प्रतिवर्ष 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अटल जी का सपना था एक सशक्त, समृद्ध और खुशहाल भारत का निर्माण। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण, गोल्डन क्वाड्रिलेटरल जैसी आधारभूत परियोजनाओं और आर्थिक सुधारों के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक पटल पर मजबूत किया। आज उसी सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति लागू हो रही है, जिससे युवाओं को आधुनिक कौशल प्राप्त हो रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। आधारभूत संरचना में हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट्स का जाल बिछ रहा है, जो अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे पीएम किसान, उज्ज्वला और जन धन से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है।

मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि अटल जी के सुशासन के आदर्शों पर चलते हुए मध्य प्रदेश सरकार पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे का विकास, गरीबी उन्मूलन और जनहितकारी योजनाओं से समृद्ध भारत निर्माण कर रही है।

उन्होंने कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं और जनसमर्थकों से अपील कर कहा कि अटल जी के विचारों को अपनाकर हम सब मिलकर प्रदेश और देश के निर्माण में योगदान दें।